दिनांक 23 नवंबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कोविड-19 संक्रमण के संकटकाल में मितानिनो ने किया अच्छा काम , भिलाई निगम ने किया सम्मान

भिलाई नगर/ कोविड-19 संक्रमण के संकटकाल में संक्रमण की रोकथाम करने मितानिनो ने अच्छा काम किया है। जिस पर उन्हें आज भिलाई निगम के सभागार में निगम के अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , उपायुक्त सुनील अग्रहरि, जिला टीकाकरण एवं मलेरिया अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे , सुपेला अस्पताल के प्रभारी डॉ. पीयाम सिंह एवं सीपीएम तुषार वर्मा ने सम्मानित किया। इसके साथ ही सिटी कोऑर्डिनेटर , एरिया कोऑर्डिनेटर एवं मितानिन प्रेरक को भी सम्मानित किया गया। 22 मितानिन एवं 22 मितानिन प्रेरक, तीन एरिया कोऑर्डिनेटर और एक सिटी कोऑर्डिनेटर को कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के संयुक्त हस्ताक्षर युक्त प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया! भिलाई निगम के कर्मचारियों से समन्वय बनाकर मितानिन दीदीयो ने संक्रमण काल के दौरान घर-घर जाकर सर्वे करने का कार्य किए थे। लक्षण वाले व्यक्तियों की जानकारी एवं लक्षण के प्रकार जुटाने में इन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। प्रारंभिक लक्षण वाले व्यक्तियों को कोविड टेस्ट कराने इन्होंने प्रेरित करने का कार्य किया था , घर-घर जाकर इन्होंने कोविड की रोकथाम के लिए जागरूकता संदेश प्रसारित करने का काम भी किया है। इन सभी में बेहतर प्रदर्शन करने और अच्छा काम करने वालों को आज भिलाई निगम ने सम्मान दिया। सिटी कोऑर्डिनेटर विकास लकड़ा, एरिया कोऑर्डिनेटर पुष्पा मिश्रा, टोमिन साहू एवं के. एल. कुमारी, मितानिन प्रेरक आरती वर्मा , कल्पना वासनिक, नविता वर्मा, रजनी साहू, जमुना बड़बंदा, कमला राव, अर्पणा श्रीवास्तव, अभिज्ञा सिंह, बबीता, रुकमणी, हंसमती, दीप्ति, निर्मला प्रजापति, आरती चंद्राकर, नमिता सेन, निर्मला खलखो, ममता जांगड़े, सरस्वती जांगड़े, पूनम वर्मा, मंजू मिश्रा, शांता साहू एवं इंद्राणी वर्मा तथा मितानिन प्रेरक प्रभा चौरागड़े, चंपा सेन, कृष्णा सोनी, रंजीता वर्मा, जमुना सूर्यवंशी, लक्ष्मी निषाद, सविता बंछोड़, मीना ठाकुर, तुलेश्वरी यादव, मंजू वर्मा, उर्मिला डहार, रामेश्वरी निर्मलकर, गायत्री देवांगन, प्रमिला साहू, सरिता सोनी, कविता चौकीकर, जमीला देवी, गीता चौधरी, यशोदा कोरी एवं सुशीला सोना को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जनसंपर्क अधिकारी